दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, शनिवार 14 जनवरी 2023

www.nyaysakshi.com



संपादकीय

## लोकतंत्र का यह दौर!

यह लोकतंत्र का कैसा दौर है? समाजों में बढ़ते ध्रुवीकरण के साथ चुनाव नतीजों को सहजता से स्वीकार कर लेने का चलन कमजोर पड़ता जा रहा है। इस प्रवृत्ति के लिए सिर्फ कुछ गुमराह लोगों को जिम्मेदार ठहराना समस्या का सतहीकरण होगा।

ब्राजील में छह जनवरी को 2021 को वॉशिंगटन में हुई घटना दोहराई गई है। फर्क सिर्फ यह है कि अमेरिकी संसद भवन पर डॉनल्ड ट्रंप समर्थकों ने तब धावा बोला था, जब उनके नेता अभी ह्वाइट हाउस में मौजूद थे। ब्राजील में राष्ट्रपति भवन, संसद भवन और सुप्रीम कोर्ट पर पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के समर्थकों ने नए राष्ट्रपति लुइज इनेसियो लूला दा सिल्वा के पदभार ग्रहण करने के ठीक एक हफ्ते बाद धावा बोला। हालांकि कुछ घंटों की मशक्कत के बाद सुरक्षा बलों ने इन सत्ता केंद्रों को उस धुर-दक्षिणपंथी भीड़ से खाली करा लिया, लेकिन देश के दूसरे हिस्सों में सरकारी प्रतिष्ठानों के सामने बोल्सोनारो समर्थक की छिटपुट हिंसा उसके बाद भी जारी रही। गौरतलब है कि बोल्सोनारो ने अक्टूबर में हुए राष्ट्रपति चुनाव में अपनी हार को ट्रंप की तर्ज पर ही स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। ट्रंप समर्थकों की तर्ज पर उनके समर्थक भी अभी तक चुनाव नतीजे को स्वीकार नहीं कर पाए हैं। गुजरे तीन महीनों में उन्होंने लगातार सेना से अपील की है कि वह सत्ता संभाल ले।

सवाल है कि यह लोकतंत्र का कैसा दौर है? समाजों में बढ़ते ध्रुवीकरण के साथ चुनाव नतीजों को सहजता से स्वीकार कर लेने का चलन कमजोर पड़ता जा रहा है। इस प्रवृत्ति के लिए सिर्फ कुछ गुमराह लोगों को जिम्मेदार ठहराना समस्या का सतहीकरण होगा। दरअसल, हुआ यह है कि गुजरे दशकों में समाजों में लोकतंत्र की प्रक्रिया आगे बढ़ने के साथ परंपरागत रूप से सत्तासीन/वर्चस्वशाली रहे तबकों के हित प्रभावित हुए। अब हाल के दशकों में उन्होंने पलटवार किया है। इसके लिए धर्म, नस्ल, आदि के आधार पर उन्माद फैलाने की सुविचारित योजना के जरिए उन्होंने अपना एक बड़ा समर्थक बनाया है। सोशल मीडिया ने उनके लिए इस मकसद को हासिल करना आसान बनाया है। इस सारी योजना के जरिए लोकतंत्र को पलट कर कुलीनतंत्र (ऑलिगार्की) लागू करने के प्रयास होते हम देख रहे हैं। ब्राजील से आई खबरों के मुताबिक बोल्सोनारो समर्थकों के पीछे मुख्य रूप से खनन, भूमि और वित्तीय स्वार्थ रखने वाले समूहों का हाथ है। तमाम लोकतांत्रिक देशों को इस घटना और इस प्रवृत्ति पर विचार करना चाहिए। यह सतर्क होने का वक्त है।

## वैश्विक आर्थिक सुस्ती के बीच दुनिया को भारत के जी20 नेतृत्व पर बहुत भरोसा: आईएमएफ प्रमुख




**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने कहा है कि दुनिया में लगातार आर्थिक सुस्ती और सामाजिक तनाव की स्थिति बने रहने के बीच अंतरराष्ट्रीय समुदाय को जी-20 समूह में भारत के नेतृत्व पर बहुत भरोसा है।

जॉर्जीवा ने बृहस्पतिवार को एक मीडिया गोलमेज सम्मेलन के दौरान संवाददाताओं से कहा, जी20 समूह का अध्यक्ष भारत वैश्विक औसत से कहीं बेहतर प्रदर्शन करने वाले देशों में से एक बना हुआ है। भारत ने गत एक दिसंबर को औपचारिक रूप से जी20 समूह की अध्यक्षता संभाली थी।

जॉर्जीवा ने कहा, हम जी20 के अध्यक्ष के रूप में भारत के नेतृत्व पर बहुत भरोसा करते हैं। क्योंकि यह दुनिया के लिए एकीकृत वैश्विक अर्थव्यवस्था की रक्षा कर अपनी बेहतरी को बचाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण समय है। मुझे उम्मीद है कि भारत हमें एक साथ बनाकर रखते हुए वह व्यापक वैश्विक सेवा कर पाएगा।

उन्होंने डिजिटलीकरण की दिशा में भारतीय प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, भारत के लिए यह बहुत अच्छी तरह काम कर रहा है कि उसने कोविड-19 महामारी से तेज हुए डिजिटलीकरण को किस तरह अंजाम दिया है। डिजिटलीकरण सार्वजनिक नीति और निजी क्षेत्र के विकास दोनों के लिए एक मजबूत तुलनात्मक लाभ का बिंदु साबित हुआ है।

उन्होंने कहा कि डिजिटल पहचान और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के मेल से भारत को नीतिगत समर्थन डिजिटल मंचों पर स्थानांतरित करने की सुविधा मिली है। उन्होंने कहा, इससे भारत उन लोगों को बहुत अच्छी तरह लक्षित कर पाता है जो समर्थन पाने के हकदार हैं। प्राथमिकता के आधार पर और बेहद असरदार ढंग से टीकाकरण करना भी इसका एक ज्वलंत उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के लिए भी डिजिटलीकरण का अभियान काफी मददगार साबित हुआ है। उन्होंने कहा, यह ब्रांडेड वित्तपोषण और उद्यमों के बहुत तेजी से विस्तार के लिए एक उर्वर जमीन बन गया है। भारत तुलनात्मक ताकत बनाने के लिए इसे जी-20 तक एक क्षेत्र के रूप में ले जाने का इरादा रखता है।

आईएमएफ प्रमुख ने कहा कि सार्वजनिक मंच पर डिजिटलीकरण का निर्माण करना, सार्वजनिक डिजिटलीकरण की लागत को कम करने वाला सार्वजनिक ढांचा खड़ा करना और वृद्धि एवं रोजगार के एक स्रोत के रूप में इसके इस्तेमाल के तरीके चिह्नित करना जी20 की प्राथमिकताओं में शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि भारत ने कुछ कष्टसाध्य सुधार किए हैं जिनका अब उसे फायदा मिल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आज के दौर में भारत को घरेलू कारकों से अधिक चिंता बाकी दुनिया में हो रही घटनाओं की है।

जॉर्जीवा ने कहा, भारत निश्चित रूप से एशिया में हो रही घटनाओं से प्रभावित होता है। उसके पड़ोसी देश श्रीलंका और पाकिस्तान अस्थिर बने हुए हैं। चीन का भी इतने नाटकीय रूप से धीमा हो जाना पूरे एशिया को प्रभावित कर रहा है।

## आरईसी मध्य प्रदेश की बिजली कंपनियों को देगी 21,086 करोड़ रुपए की मदद



**नई दिल्ली।** सरकारी कंपनी आरईसी लिमिटेड मध्य प्रदेश की बिजली वितरण कंपनियों, एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड और रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड को 21,086 करोड़ रुपये की वित्तीय मदद देगी।

बिजली मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आरईसी ने इस आशय के तीन अलग-अलग समझौता पत्रों (एमओयू) पर इन कंपनियों के साथ हस्ताक्षर किए हैं। बिजली मंत्रालय के तहत कार्यरत आरईसी बिजली क्षेत्र से संबंधित सभी तरह की गतिविधियों के लिए वित्तीय मदद मुहैया कराती है।

एमपीपीएमसीएल के साथ किए गए समझौते के तहत आरईसी उसे 15,086 करोड़ रुपये की वित्तीय मदद देगी। यह राशि सारणी और अमरकंटक की प्रस्तावित ताप विद्युत परियोजनाओं के अलावा मध्य प्रदेश में अन्य बिजली ढांचे के आधुनिकीकरण पर लगाई जाएगी।


आरईसी ने रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड के साथ भी इसी तरह का समझौता किया है जिसके तहत राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए 1,000 करोड़ रुपये की मदद दी जाएगी। इसके अलावा आरईसी ने मध्य प्रदेश की डिस्कॉम कंपनियों को भी अपना बिजली वितरण नेटवर्क दुरूस्त करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये की मदद देने पर सहमति जताई है।

## सीनियर सीटिजन को बैंक ऑफ बड़ौदा एफडी पर दे रहा भारी ब्याज

**नईदिल्ली।** आपके पास पैसा है और आप उसी पैसे से और ज्यादा पैसा कमाना चाहते है तो आपके पास इस समय मौका है। जी हां सीनियर सीटिजन को बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट दबा के ब्याज दे रहा है और आप भी अगर इसका फायदा उठाना चाहते है तो आपको फिर ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है। आरबीआई की लगातार बढ़ती रेपो रेट के बाद भी ये बैंक ग्राहकों को फायदा दे रहा है।

ऐसे में इनकम के लिए बेहतर विकल्प के तौर पर फिक्सड डिपोजिट को देखा जाता है। ऐसे में वरिष्ठ नागरिक निवेश के लिए एफडी का विकल्प पसंद करते हैं। और वरिष्ठ नागरिकों को बैंक ज्यादा ब्याज भी देते है। ऐसे में आपको भी बिना समय गवाए फिक्सड डिपोजिट करवाना चाहिए। वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा 5 साल की अवधि के लिए 6.90 फीसदी सालाना की दर से ब्याज दे रहा है। जबकि 3 साल के लिए 7.25 फीसदी का ब्याज दे रहा है। साथ ही 1 साल की अवधि के लिए भी 7.25 प्रतिशत ब्याज दे रहा है।

## रबी सीजन 2022-23 : गेहूं, सरसों की बोआई बढ़ी, चने की घटी



**नईदिल्ली।** इस सप्ताह रबी फसलों की बोआई में थोड़ा सुधार देखने को मिला। पिछले सप्ताह तक रबी फसलों की बोआई में 2.86 फीसदी बढोतरी दर्ज की गई थी, जबकि इस सप्ताह तक बोआई में 3.50 फीसदी इजाफा हुआ है। कुल रबी फसलों की बोआई में सुधार की वजह गेहूं की बोआई सुधरना है। हालांकि रबी सीजन की दूसरी प्रमुख फसल चने की बोआई में कमी आई है। चालू रबी सीजन में 13 जनवरी तक कुल रबी फसलों की बोआई 682.03 लाख हेक्टेयर में हो चुकी है। जो पिछले साल की समान अवधि में 658.94 लाख हेक्टेयर में हुई बोआई से 3.50 फीसदी ज्यादा है।

अब तक दलहन फसलों की 161.09 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में बोआई हो चुकी है, जो पिछले साल की समान अवधि में हुई 159.44 लाख हेक्टेयर से महज 0.84 फीसदी ही अधिक है।

तिलहन फसलों की बोआई 107.52 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में हुई है। जो पिछले साल की समान अवधि में 99.65 लाख हेक्टेयर में हुई तिलहन फसलों की बोआई से 7.89 फीसदी ज्यादा है।

चालू रबी सीजन में चने की बोआई की शुरुआत कमजोर हुई थी। हालांकि बीच में आकर चने की बोआई भी जोर पकड़ने लगी और कुछ सप्ताह तक पिछले साल की तुलना में चने की बोआई बढने लगी। लेकिन पिछले सप्ताह से चने की बोआई घटने लगी है। देश में 13 जनवरी तक 109.56 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में चने की बोआई हो चुकी है। पिछले साल की समान अवधि में चने का रकबा 110.87 लाख हेक्टेयर था। इस तरह इस साल चने की बोआई में 1.18 फीसदी की कमी आई है।

रबी सीजन की दूसरी प्रमुख फसल चने की बोआई भले ही घटी हो, लेकिन पहली और तीसरी प्रमुख फसल गेहूं व चने की बोआई बढ रही है। गेहूं की बोआई 13 जनवरी तक 337.18 लाख हेक्टेयर में हो चुकी है, जो पिछले साल की समान अवधि में 332.52 लाख हेक्टेयर में हुई बोआई से 1.40 फीसदी ज्यादा है।

## राहुल के धैर्यवान अर्द्धशतक ने भारत को जीत दिलाई



**कोलकाता।** कुलदीप यादव (51/3) और मोहम्मद सिराज (30/3) की शानदार गेंदबाजी के बाद लोकेश राहुल (64 नाबाद) के धैर्यवान अर्द्धशतक की बदौलत भारत ने श्रीलंका को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में गुरुवार को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।

श्रीलंका ने भारत के सामने 216 रन का लक्ष्य रखा, जिसे भारत ने 43.2 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

राहुल जब बल्लेबाजी करने उतरे तब भारत 62 रन पर तीन विकेट गंवा चुका था। श्रेयस अय्यर (28) अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन वह भी पगबाधा होकर पवेलियन लौट गये। राहुल ने इसके बाद हार्दिक पांड्या के साथ 75 रन की साझेदारी करके भारतीय पारी को संभाला। पांड्या के आउट होने के बाद उन्होंने अक्षर पटेल (21) के साथ 30 जबकि कुलदीप यादव के साथ 28 रन जोडक़र भारत को जीत तक पहुंचाया।

राहुल ने अपनी मैच जिताऊ पारी में 103 गेंदें खेलकर छह चौकों के साथ 64 रन बनाये। भारत ने इस जीत के साथ तीन मैचों की शृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। यह भारत की श्रीलंका पर लगातार 10वीं सीरीज जीत है। शृंखला का आखिरी मुकाबला तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड स्टेडियम पर खेला जायेगा। श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए अच्छी शुरुआत की। मोहम्मद सिराज की गेंद पर अविष्का फर्नांडो (17 गेंद, चार चौके, 20 रन) के बोल्ड होने के बाद भी नुवानिदु फर्नांडो और कुसल मेंडिस ने पारी की रफ्तार नहीं रुकने दी और पावरप्ले में 51 रन जोड़ लिये। फर्नांडो ने 12वें ओवर में उमरान मलिक को दो चौके लगाकर रनगति बढ़ाई, जबकि मेंडिस ने दो ओवर बाद उमरान की छोटी गेंद पर छक्का लगाया। फर्नांडो-मेंडिस ने दूसरे विकेट के लिये 73 रन जोड़े। श्रीलंका को मजबूत स्थिति से निकालने के लिये भारत को विकेट की जरूरत थी और कप्तान रोहित शर्मा ने गेंद स्पिनरों को सौंपी। कुलदीप ने अपने पहले ही ओवर में मेंडिस का विकेट निकाला, जबकि अक्षर पटेल ने अगले ओवर में धनन्जय डी सिल्वा को शून्य रन पर पवेलियन भेज दिया।

## सौराष्ट्र ने हैदराबाद को पारी और 57 रन से रौंदा

**हैदराबाद।** सौराष्ट्र ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से हैदराबाद को रणजी ट्रॉफी के ग्रुप-बी मुकाबले में पारी और 57 रन से रौंद दिया।

सिर्फ पांच सत्र चले मुकाबले में सौराष्ट्र ने पहली पारी में 248 रन की बढ़त ली, जबकि हैदराबाद दूसरी पारी में 191 रन पर ही ऑलआउट हो गयी।

हैदराबाद के गेंदबाजों ने दूसरे दिन की शुरुआत अच्छी की, हालांकि उनके बल्लेबाज कोई कमाल नहीं कर सके।

सौराष्ट्र ने दिन की शुरुआत 250/5 से करते हुए सिर्फ 77 रन के बदले अपने आखिरी पांच विकेट गंवा दिये। अबरार मोहिउद्दीन (35/1) ने शेल्डन जैकसन को आउट करके हैदराबाद को दिन की पहली सफलता दिलाई, जबकि अनिकेत रेड्डी (95/7) ने तीव्रता के साथ आखिरी चार विकेट चटकाये और सौराष्ट्र 327 पर ऑलआउट हो गयी। पहली पारी में सिर्फ 79 रन जोड़ सकने वाले हैदराबादी बल्लेबाजों के सामने 248 रन की बड़ी बढ़त समाप्त करने की चुनौती थी मगर वे ऐसा नहीं कर सके। शुरुआती तीन विकेट सिर्फ 18 रन पर गिरने के बाद मध्यक्रम के बल्लेबाज टीएस गौड़ और चंदन साहनी ने हालांकि संघर्ष किया।

गौड़ ने 125 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के के साथ 58 रन बनाये, जबकि साहनी ने 40 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों के साथ 49 रन की पारी खेली। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिये 60 रन की साझेदारी हुई जिसे कप्तान जयदेव उनाडकट ने साहनी को आउट करके तोड़ा।

गौड़ ने इसके बाद भी मोर्चा संभाले रखा, हालांकि दूसरे छोर से विकेट गिरते गये। गौड़ के रूप में 10वां विकेट गिरने के साथ हैदराबाद 191 रन पर ऑलआउट हो गयी और सौराष्ट्र ने यह मुकाबला जीत लिया।

धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने गौड़ को आउट करके के साथ-साथ कुल चार विकेट लिये, जबकि उनाडकट ने तीन विकेट हासिल किये। युवराजसिंह डोडिया ने दो विकेट लिये, जबकि चेतन सकारिया को एक विकेट हासिल हुआ।

## फिल्म शहजादा का ट्रेलर रिलीज, एक्शन स्टार बन कार्तिक ने मारी एंट्री



कार्तिक आर्यन को पिछली बार फिल्म फ्रेडी में देखा गया था, जिसके बाद से उनसे दर्शकों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं। इसमें कार्तिक ने अपने ऐसे अवतार से दर्शकों को मिलवाया, जो पहले कभी नहीं दिखा। उन्होंने साबित कर दिया कि वह हर तरह की भूमिका में जान फूंक सकते हैं। अब उनकी फिल्म शहजादा को लेकर भी दर्शक उत्साहित हैं। इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है। आइए देखते हैं फिल्म में किस अवतार में नजर आएंगे कार्तिक।

ट्रेलर में शहजादे बने कार्तिक एक एक्शन स्टार बनकर एंट्री लेते हैं। उनका यह कूल अंदाज देखने लायक है। ट्रेलर की शुरुआत उस सीन से होती है, जिसमें कार्तिक गुंडों की धुनाई कर रहे हैं। उन्हें देख ऐसा लग रहा है जैसे वह पहले भी कई एक्शन फिल्में कर चुके हैं। उनकी कॉमेडी भी देखते ही बनती है। कार्तिक अपने परिवार के लिए लड़ते दिख रहे हैं। कृति सैनन संग उनके रोमांस की झलक भी इसमें दिखी है।

ट्रेलर देख तो लगता है कि शहजादा दर्शकों को एक्शन के साथ कॉमेडी का भी पूरा डोज देने वाला है। इसके जरिए परिवार की अहमियत को बताया गया है। यह फिल्म एक फैमिली एंटरटेनर है, जो बेशक इसकी रिलीज को लेकर उत्सुकता जगाती है।

फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद सोशल मीडिया पर प्रशंसक कार्तिक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। उनका कहना है कि कार्तिक का स्वैग ही अलग है।

## हसीन दिलरुबा के सीक्वल से तापसी पन्नू का फर्स्ट लुक जारी, शूटिंग शुरू



तापसी पन्नू ने अपनी नई फिल्म हसीन दिलरुबा का पोस्टर शेयर किया है. वो अक्सर अपने बोल्ड बयानों और दमदार फिल्मों के लिए जानी जाती हैं. फिल्म के निर्माता आनंद एल राय ने इसके बाद खुद टिटर हैंडल के जरिए इस बात की पुष्टि की है. आनंद ने लिखा, ओ हमारी हसीन दिलरुबा. शूटिंग शुरू हो गई है फिर आई हसीन दिलरुबा की. उन्होंने आगे लिखा है, तापसी तुझे बोला था ना 9 बजे पोस्टर लगाने के लिए डाला क्यों नहीं अभी तक.

तापसी ने उन्हें जवाब देते हुए ट्वीट किया, सर, मैं अभी तैयार नहीं हूं... इस बार तो कहां ले गई है किरदार को कनिका ढिल्लों! पता नहीं क्या खाके लिखी है ये कहानी. और हर बार मेरे साथ ही क्यों ऐसी.

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज दिन भर व्यस्तता बनी रहेगी। अब तक जो भी निवेश किए हैं उनमें आशातीत लाभ भी होगा। आप कुछ ऐसे भी कार्य करेंगे, जिससे आपकी रचनात्मकता सामने आएगी। किसी विशेष की तैयारी में भी समय व्यतीत होगा।

***वृष :*** अगर आप व्यवसाय संबंधी कुछ परिवर्तन करने की योजना बना रहे हैं या स्टाफ, नौकरी आदि में परिवर्तन की सोच रहे हैं तो यह बिल्कुल सही समय है। परंतु अपरिचित लोगों से व्यवहार करते समय कुछ सावधान रहना आवश्यक है।

***मिथुन :*** समय बहुत ही उचित है। कड़ी मेहनत व कठोर परिश्रम से एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल करने में सक्षम रहेंगे। कहीं समारोह में भी शामिल होने का अवसर मिलेगा। संपत्ति संबंधी कार्यों को करने के लिए आज का दिन बहुत ही शुभ है।

***कर्क :*** कार्यक्षेत्र में आज कामकाज का अतिरिक्त दबाव रहेगा तथा कुछ रुकावटें भी आएंगी। लेकिन आप अपनी बुद्धि व योग्यता के बल पर समस्याओं का हल निकालने में सक्षम भी रहेंगे। पार्टनर या किसी सहकर्मी से छोटी सी बात पर मतभेद की स्थिति बन सकती हैं।

***सिंह :*** गुरुजन तथा बड़े बुजुर्गों का स्नेह एवं आशीर्वाद प्राप्त होगा। पिछले कुछ समय से आपने जो मेहनत की है, वह रंग लाएगी। अध्यात्म तथा नैतिकता से जुड़े मामलों पर आपका विशेष ध्यान रहेगा।

***कन्या :*** युवाओं को जॉब में कैरियर संबंधी समाचार मिलेगा। किसी बड़े अधिकारी या राजनीतिज्ञ से मुलाकात आपके कई काम आसान हो जाएंगे। परंतु कई मामलों में आपका स्वाभिमान ही आपकी उन्नति में बाधक भी बन सकता है।

***तुला :*** कुछ परेशानियां तो सामने आएंगी परंतु आप मेहनत व परिश्रम से सभी प्रकार की नकारात्मक परिस्थितियों को सकारात्मकता में परिवर्तित कर लेंगे। भविष्य संबंधी भी कुछ योजनाएं बनेंगी।

***वृश्चिक :*** व्यापार में आज कुछ मुश्किल और परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दोपहर बाद परिस्थितियां कुछ अनुकूल हो जाएंगी। धन प्राप्ति के स्रोत प्रबल होंगे परंतु कैश हाथ में रखने की बजाय कहीं इन्वेस्ट करेंगे तो उचित रहेगा।

***धनु :*** आज धार्मिक क्रियाकलापों में व्यस्तता रहेगी। किसी धार्मिक यात्रा का भी योग बन रहा है। भाइयों के साथ संबंध सौहार्दपूर्ण रहेंगे। पुराने तनाव से मुक्ति मिलेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

***मकर :*** कारोबारी हालात सुधरेंगे। व्यापार में विस्तार संबंधी जो योजना बनाई हैं, उनमें छोटी-मोटी परेशानियां आएंगी परंतु आप पूर्ण करने में सफल रहेंगे। अफसरों के साथ आपके रिश्तों में सुधार आएगा।

***कुंभ :*** सरकारी कार्यों को पूरा करने के लिए दिन उत्तम है। विरोधियों की योजनाओं को ध्वस्त कर अच्छे परिणाम व प्रशंसा भी हासिल करेंगे। लोग आपसे स्वयं के निजी मामलों में सलाह-मशविरा भी लेंगे। कुल मिलाकर समय पूर्णत: आपके पक्ष में हैं।

***मीन :*** व्यवसाय में कुछ ठोस और खास फैसले लेने की जरूरत है। महत्वपूर्ण लोगों के संपर्क से आपके कार्य बनेंगे। नौकरी में पदोन्नति की पूरी-पूरी संभावनाएं हैं। ऑफिस में माहौल और परिस्थितियां आपके पक्ष में बनी हुई हैं।

## 'नूडल्स विद स्पेशल सॉस'



बच्चे की बर्थडे पार्टी में ऐसा क्या बनाएं जो बच्चों के साथ बड़े भी चाव से खा पाएं, इसके लिए नूडल्स विद स्पेशल सॉस है बेस्ट रेसिपी। आइए जानते हैं इसकी रेसिपी।

### सामग्री :

1/2 पैकेट नूडल्स, 1 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, 1/4 टीस्पून जीरा पाउडर, 1/4 टीस्पून धनिया पाउडर, 1 टीस्पून चीनी पाउडर, टीस्पून कॉर्नफ्लोर, 1/2 टीस्पून नमक, 2 टीस्पून सोया सॉस, 2 टीस्पून सिरका, 1/4 टीस्पून काली मिर्च पाउडर, 1 टीस्पून लहसुन (बारीक कटा), 1 इंच अदरक (बारीक कटा), 1 प्याज (लंबा कटा), 1 लाल शिमला मिर्च (लंबी कटी) 1/2 गाजर (लंबी कटी), 1/2 कप पत्ता गोभी, थोड़ा सा हरा प्याज, ऑयल

### विधि :

- सबसे पहले एक पतीले में पानी लें और उसमें नमक, एक टीस्पून ऑयल व नूडल्स डालें।

- इसे तीन मिनट तक उबालने के बाद नूडल्स को छानें और उनके ऊपर थोड़ा सा ठंडा पानी डाल दें।

- इसके बाद एक बोल में कॉर्नफ्लोर, लाल मिर्च, जीरा, धनिया, चीनी पाउडर, नमक, सोया सॉस, विनेगर, दो टीस्पून ऑयल, काली मिर्च पाउडर मिलाकर सॉस तैयार कर लें।

- अब गैस पर कड़ाही रखें। उसमें दो टीस्पून ऑयल डालें और प्याज, लहसुन, अदरक, हरे प्याज के पत्ते, शिमला मिर्च, गाजर फ्राई करें।

- ध्यान रहें सब्जियों को ज्यादा नहीं पकाना है। सब्जियां जब हल्की नरम हो जाएं तो उनमें सॉस, पत्ता गोभी डालें और हल्के हाथ से मिलाते हुए पकाएं।

- आखिर में नूडल्स मिलाएं और ऊपर से हरे प्याज के पत्ते बुरककर गर्मागर्म सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 311

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 310 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | र्रा |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |

## सू-दोकू- 311

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.310 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |